## संपादकीय

# सौ दिन का एजेंडा

अपने बूते हासिल बहुमत से आत्मविश्वास से भरी मोदी सरकार दूसरी पारी की शुरुआत नए आर्थिक सुधारों से करेगी। एक ओर जनाकांक्षाओं का बोझ तो दूसरी तरफ मंदी की आहट। सरकार सतर्क नजर आ रही है। नयी सरकार के वित्त मंत्रालय की बागडोर कौन संभालेगा, बताने में कुछ वक्त लगेगा। हालांकि, नीति आयोग ने सौ दिन का एजेंडा तय कर वित्त मंत्रालय के जरिये क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जहां तक सौ दिन के एजेंडे का सवाल है तो सरकार की प्राथमिकता चुनाव मुहिम के दौरान विपक्ष द्वारा लगाये गए उस आरोप से मुक्त होना है कि मोदी सरकार में रोजगार के अवसर कम हुए। प्राथमिकताओं को नये सिरे से तय करते हुए सरकार के सौ दिन के एजेंडे में रोजगार सृजन और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन को वरीयता दी गई है। निःसंदेह तेजी से बढ़ती बेरोजगारी सामाजिक असंतोष का वाहक बनती है। वह भी तब जब भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी रहती है। जिसके लिये सरकार संरचनात्मक विकास में रोजगार सृजन को प्राथमिकता देना चाहती है, जिससे समाज में क्रय शक्ति बढ़े और अर्थव्यवस्था को गति मिले।?सरकार की मंशा सड़क, रेलवे, हवाई अड्डों, बंदरगाहों के निर्माण एवं तेल व गैस खनन, शिक्षा व स्वास्थ्य को लालफीताशाही से मुक्त कराना है ताकि विकास को गति मिल सके। इन क्षेत्रों में प्रत्यक्ष पूंजी निवेश को बढ़ावा देना भी लक्ष्य रखा गया है। जल संसाधनों का बेहतर उपयोग भी सरकार की प्राथमिकताओं में है। प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश हैं कि विस्तृत योजनाओं के जरिये पेयजल प्रबंधन में सुधार, नदी जोड़ योजना का ब्ल्यू प्रिंट तैयार करना, बांधों के नेटवर्क तैयार करने पर भी बल दिया गया है ताकि चीन द्वारा भारत में बहने वाली नदियों पर बांध बनाने व प्रवाह को प्रभावित करने की कोशिशों से मुकाबला किया जा सके।

दरअसल, आर्थिक विशेषज्ञों द्वारा चिंता जतायी जा रही है कि मार्च की तिमाही में विकास दर सात से कम रह सकती है। ऐसे में अनुमान है कि देश का केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था को गति देने के मकसद से जून में ब्याज दरों में कुछ कटौती कर सकता है। सरकार के सामने अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक जंग के चलते उपजे ऊर्जा संकट से निपटने की चुनौती भी है। ऐसे में सरकार के सौ दिन के एजेंडे का लक्ष्य रखा गया कि अर्थव्यवस्था के धीमेपन को कैसे रोका जाये। दरअसल, सरकार के सामने दोहरी चुनौती है। एक तो पिछली सरकार के दौरान अधूरे लक्ष्य पूरे करने का दबाव, वहीं दूसरी ओर अर्थव्यवस्था को मंदी की चपेट में आने से बचाने की कोशिश। पिछले कार्यकाल के दौरान राजग सरकार राज्यसभा में कमजोर स्थिति के कारण जमीन, श्रम व पूंजी की लागत कम करने जैसे लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाई थी। अबकी बार सरकार पूर्ण बहुमत होने के बावजूद राजनीतिक दलों के साथ सामंजस्य से उन लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास करेगी।

# माइक्रोसॉफ्ट ने नया ओएस बनाने के दिए संकेत




**सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)।** टेक दिग्गज कंपनी- माइक्रोसॉफ्ट ने ताइवान की राजधानी-ताइपे में चल रहे कंप्यूटर इवेंट में संकेत दिए हैं कि वह एक नए आधुनिक ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) पर काम कर रही है। एनगैजेट ने बुधवार को सूचना दी कि कंज्यूमर एंड डिवाइस सेल्स के वाइस प्रेसिडेंट निक पार्कर ने कंपनी के भविष्य के ओएस की महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करने के लिए मंच पर बात की। हालांकि ज्यादा अफवाह वाली विंडोज लाइट के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई। कंपनी ने चर्चा की कि भविष्य में क्या हो सकता है।

पार्कर ने क्लाउड-कनेक्टेड एक्सपीरियंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मल्टी-सेंस जैसी सुविधाओं पर संक्षिप्त रूप से एक आधुनिक ओएस के संदर्भ में लगातार बात की, जिसमें इनपुट विधियों में जैसे पेन, वॉइस, टच और यहा तक कि गेज भी शामिल हैं।

उल्लेखित अन्य ओएस अनुभवों में संज्ञानात्मक मान्यता सेवाएं और विशेषताएं थीं, जो उपयोगकर्ताओं को अपने पीसी पर अपने एंड्रॉइड फोन की स्क्रीन को मिरर करने देती हैं और फोन ऐप व कंटेंट के साथ वाई-फाई या एलटीई का उपयोग करने के लिए पीसी माउस और कीबोर्ड का उपयोग करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा लगता है कि माइक्रोसॉफ्ट अपने ओएस के लिए कुछ अलग तरह की योजना बना रहा है। कंपनी ने हालांकि आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि वह विंडोज 10 के एक संस्करण का परीक्षण कर रही है जो कि 2020 तक जारी होगा।

# लगातार दूसरे दिन घटे पेट्रोल, डीजल के दाम




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन पेट्रोल और डीजल के दाम में कटौती की। पेट्रोल फिर सात पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है जबकि डीजल के दाम 12 से 13 पैसे लीटर कम हो गए हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 71.73 रुपये, 73.79 रुपये, 77.34 रुपये और 74.46 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। डीजल के दाम भी चारों महानगरों में नई कटौती के बाद क्रमशः 66.51 रुपये, 68.27 रुपये, 69.69 रुपये और 70.31 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में सात पैसे लीटर की कटौती की, जबकि डीजल के दाम में दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में 12 पैसे प्रति लीटर जबकि मुंबई में 13 पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई है।


# एनबीए फाइनल्स : पहले गेम में रैपटर्स ने वॉरियर्स को मात दी

**टोरंटो (आरएनएस)।** पास्कल सियाकम और कवाही लेनर्ड के शानदार प्रदर्शन के दम पर टोरंटो रैपटर्स ने यहां एनबीए फाइनल्स के पहले गेम में मौजूदा चैम्पियन गोल्डन स्टेट वॉरियर्स को 118-109 से पराजित किया। ईएसपीएन के अनुसार, मेजबान टीम ने इस मैच में दमादार प्रदर्शन किया और उसके तीन खिलाड़ियों ने 20 से ऊपर अंक अर्जित किए। सियाकम, लेनर्ड और मार्क गसोल ने क्रमशः 32, 23 और 20 अंक हासिल करते हुए टोरंटो की जीत दिलाई। पहले गेम से ही मेजबान टीम ने बढ़त बनाई जो अंत तक कायम रही। टोरंटो ने पहले गेम के अंत में 25-21 की बढ़त बनाई। वॉरियर्स के प्वाइंट गार्ड स्टेफन करी ने बेहतरी प्रदर्शन करते हुए कुल 34 अंक हासिल किए लेकिन दूसरे चार्टर में भी मेजबान टीम 34-28 से आगे रही।

दूसरे हाफ की शुरुआत वॉरियर्स के लिए बेहतरीन रही। करी तीसरे चार्टर में भी फॉर्म में नजर आए और क्ले थॉमसन ने अंक अर्जित करने में उनका साथ दिया। थॉमसन ने मैच में कुल 21 अंक बटोरे।

# मोदी सरकार के गठन के बाद झूमा शेयर बाजार

## » सेंसेक्स दूसरी बार 40 हजार के पार



मुंबई ,31 मई (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई मे नई सरकार बनने के बाद शुक्रवार को देश के शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुझान जारी रहा। बीएसई संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आरंभिक कारोबार के दौरान 40,122.34 तक उछला। एनएसई का संवेदी सूचकांक निफ्टी भी 12,039.25 तक उछला। हालांकि सेंसेक्स पूर्वाह्न 10.33 बजे पिछले सत्र से 199.43 अंकों यानी 0.50 की तेजी के साथ 40,031.40 पर बना हुआ था। निफ्टी भी 66.65 अंकों यानी 0.56 फीसदी की तेजी के साथ 12,012.55 पर बना हुआ था।

कारोबार के आरंभ में बंबई स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र के मुकाबले तेजी के साथ 39,998.91 पर खुला और 40,122.34 तक उछला, जबकि निचला स्तर 39,941.19 भी पिछले सत्र की क्लोजिंग 39,831.97 से ऊपर रहा। सेंसेक्स 23 मई को लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान आए रुझानों से उत्साहित होकर 40,124.96 तक उछला था,जोकि इसका रिकॉर्ड ऊंचा स्तर है। नेशनल स्टॉक एसक्सचेंज का 50 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक निफ्टी सुबह तेजी के साथ 11,999.80 पर खुला और करोबार के दौरान 12,039.25 तक उछला, जबकि निचला स्तर 11,985.25 रहा जोकि पिछली क्लोजिंग 11,945.90 से ऊपर है।


# पेट्रोल पंपों पर ईंधन में मिलेगी भारी छूट




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उबर ने गुरुवार को देश भर में आईओसीएल के पेट्रोल पंपों पर चालकों को पेट्रोल, डीजल व सीएनजी में छूट की पेशकश करते हुए सरकारी इंडियन ऑयल कॉर्प लिमिटेड (आईओसीएल) के साथ साझेदारी की घोषणा की।

इस कार्यक्रम के लिए 12,000 से ज्यादा उबर के चालक साझेदार पहले से ही पंजीकृत हो चुके हैं। उबर इंडिया एवं साउथ एशिया के शहरों के प्रमुख प्रभजीत सिंह ने एक बयान में कहा, इस साझेदारी का लक्ष्य ईंधन की कीमत को कम करना और उबर एप का इस्तेमाल अपनी आजीविका के लिए करने वाले चालक साझेदारों की सहायता करना है।

उबर ने भारत में अपनी सेवाएं अपनी उबरब्लैक सेवा के साथ 2013 में शुरू की थीं और अपनी प्रीमियम उबरएक्स सेवा की शुरुआत 2014 में की। उबर वर्तमान में देश के 31 शहरों में अपनी सेवाएं दे रही है और इसका और अधिक क्षेत्रों में विस्तार का लक्ष्य है।




# इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के लिए जी-20 देश कर नीति बनाने की तैयारी में

**तोक्यो (आरएनएस)।** जी-20 देश गूगल जैसी दिग्गज डिजिटल कंपनियों के लिए नई कर नीति लागू करने की योजना बना रहे हैं। निक्की बिजनेस डेली ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह नीति इस बात पर आधारित होगी कि कंपनी किस देश में कारोबार कर रही है न कि जहां उसका मुख्यालय है। अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से लिखा है कि यह नीति गूगल, एप्पल, फेसबुक और अमेजन को लक्षित होगी। इसमें राजस्व का आवंटन उस देश को किया जाएगा जो कंपनी को सबसे अधिक उपयोगकर्ता उपलब्ध कराएंगे। जी-20 के देश इस बारे में 2020 तक अंतिम करार पर पहुंचेंगे। हालांकि यह नीति किस तरह काम करेगी अभी यह तय नहीं हुआ है।

# विश्व कप : द. अफ्रीका की 104 रनों से हार, इंग्लैंड का विजयी आगाज



**लंदन (आरएनएस)।** खिताब की सबसे मजबूत दावेदार के तौर पर क्रिकेट के महाकुम्भ में उतरी इंग्लैंड ने गुरुवार को अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका को 104 रनों के विशाल अंतर से हराकर जीत के साथ की है। ट्रेंट ब्रिज मैदान पर खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने बल्ले और गेंद दोनों से दक्षिण अफ्रीका पर अपना दबदबा दिखाया। बल्लेबाजी की दावत मिलने पर इंग्लैंड ने 50 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 311 रनों का मजबूत स्कोर टांगा और फिर दक्षिण अफ्रीका को 39.5 ओवरों में 207 रनों पर समेट लक्ष्य बचाने में भी सफल रही। इंग्लैंड को मजबूत स्कोर प्रदान करने में उसके बल्लेबाजों का संयुक्त प्रदर्शन काम आया। इंग्लैंड के लिए चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए जिनमें बेन स्टोक्स ने सर्वाधिक 89 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान इयोन मोर्गन ने 57, जेसन रॉय ने 54 और जोए रूट ने 51 रन बनाए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर दक्षिण अफ्रीका को हार के लिए मजबूर किया। अपना पहला विश्व कप खेल रहे जोफ्रा आर्चर ने तीन विकेट लिए। लियाम प्लकंट और बेन स्टोक्स को दो-दो सफलताएं मिलीं। आदिल राशिद और मोइन अली को एक-एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी को लेकर जो चिंता जाहिर की जा रही थी वह इस मैच में साफ देखी गई। उसके दो बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस और चिंटन डी कॉक के ऊपर बल्लेबाजी का सारा दारोमदार था। डु प्लेसिस सिर्फ पांच रन बना सके। डी कॉक ने जरूर 74 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेली लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिला।

## आज का राशिफल

मेषः- आज आपकी राशि पर नवम भाव में शनि तथा प्रथम भाव में चंद्रमा भी आ जाएगा, फलस्वरूप आज आपको आपके कार्य क्षेत्र या दफ्तर में नये कुछ नए अधिकार दिए जाएंगे।

वृषभः- आपकी राशि का स्वामी शुक्र अतिचारी है। द्वादश भाव में बैठकर तुला राशि को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है।

मिथुनः- एकादश भाव में चंद्रमा और राशि से षष्ठम भाव में वृश्चिक राशि का बृहस्पति आज आपको राज्य से सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा से अभिभूत करेगा।

कर्कः- आपकी राशि पर वृश्चिक का बृहस्पति तथा दशम भाव में चंद्रमा उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति करायेगा।

सिंहः- आज आप अपने निकटवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें तो आपको आत्मसंतोष होगा।

कन्याः- आपकी राशि से दशम राहू संचार कर रहा है, चंद्रमा आज अष्टम भाव में मित्रों से विवाद तथा व्यर्थकारक है। अतः- अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें।

तुलाः- आज का दिन आपके लिए महान व्यक्ति त्वों से मेल-जोल कारक है। अकस्मात होने वाले उलट फेर से आपको लाभ मिलेगा।

वृश्चिकः- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा।

धनुः- आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आज पुरानी देनदारियों से मुक्त होंगे। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है।

मकरः- आज आपकी राशि से चतुर्थ चंद्रमा पास व दूर की यात्रा तथा राज्य विजय कारक है। आज कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आ सकता है।

कुंभः- राशि का स्वामी शनि एकादश राज्य में राजनीतिक क्षेत्र में सफलता कारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में विरोधी परास्त होंगे।

मीनः- राशि का स्वामी देवगुरू पिछले कई दिनों से वृश्चिक राशि का होकर सप्तम भाव में चल रहा है। चंद्रमा भी आज द्वितीय घर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा।

# आलू की कचौड़ी बनाने की विधि...



### सामग्री

4 उबले आलू, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर।, 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर।, 1 छोटी चम्मच काला नमक।, 1 छोटी चम्मच गरम मसाला।, 1 छोटी चम्मच चाट मसाला। 1 छोटी चम्मच भुना जीरा पाउडर। 1 छोटी चम्मच अमचूर पाउडर। 50 ग्राम हरी धनिया बारीक कटा। 2 हरी मिर्च बारीक कटा। 2 छोटा चम्मच नमक। 500 ग्राम गूँधा आटा। 200 मिली लीटर तेल।

### विधि

सबसे पहले उबले आलू को मसलकर उसमे लाल मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर, अमचूर पाउडर, काला नमक, चाट मसाला, भुना जीरा, गरम मसाला और नमक मिलाए। अब उसमें हरी धनिया व हरी मर्चं डाले और मिलाए। अब गूँधा आटा लीजिए। कड़ाही लीजिए उसमें तेल डालिए और तेज़ आँच पर रखिए। अब आटे की लोई ले और उसे थोड़ा सा चकले पर बेलन से बेले .लोई को कटोरी की तरह बना ले और उसमें आलू भरे व चारों तरफ से बंद कर के फिर से लोई बना ले और बेले। अब उसे धीरे से बेले जिससे आलू भरा हुआ अंदर ही रहे बाहर न निकले। अब उसे तेल में कड़ाही में डाले। अब छेद वाले करछुल से धीमें से कचोरी को दबाए, जिससे वो अच्छे से पक जाए फिर पलटे। जब वो दोनो तरफ से लाल हो जाए तो निकाले। आपकी स्वादिष्ट आलू की कचौड़ी परोसने के लिए तैयार है। आप आलू की कचोरी हरे धनिया की चटनी के साथ सर्व कर सकती हैं .

## शब्द सामर्थ्य- 81

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव–फिराव वाला, आड़ा–तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण–पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 80 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू-दोकू- 81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.80 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |